सं. 1/34/1/2017-मंत्रि.(ii)

भारत सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय

नई दिल्ली, 03 सितम्बर, 2017

----

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि 03 सितम्बर, 2017 से:

1. श्री अरुण जेटली ने रक्षा मंत्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया है। वे वित्त मंत्री; और कारपोरेट कार्य मंत्री के पदों पर बने रहेंगे।
2. श्री नितिन जयराम गडकरी, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री; और पोत परिवहन मंत्री ने जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
3. श्री सुरेश प्रभु ने रेल मंत्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया है तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
4. सुश्री उमा भारती ने जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया है तथा पेय जल और स्वच्छता मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
5. श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने पेय जल और स्वच्छता मंत्री तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्री के पदों का कार्यभार छोड़ दिया है तथा खान मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे ग्रामीण विकास मंत्री; और पंचायती राज मंत्री के पदों पर बने रहेंगे।
6. श्री धर्मेंद्र प्रधान ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के पद का कार्यभार छोड़ दिया है तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री; और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री के पदों का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
7. श्री पीयूष गोयल ने विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के पदों का कार्यभार छोड़ दिया है। उन्होंने रेल मंत्री; और कोयला मंत्री के पदों का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
8. श्रीमती निर्मला सीतारमण ने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के पद का कार्यभार छोड़ दिया है तथा रक्षा मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
9. श्री मुख्तार अब्बास नक़वी ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री के पदों का कार्यभार छोड़ दिया है तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
10. राव इन्द्रजीत सिंह ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया है तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के पद पर बने रहेंगे।
11. श्री संतोष कुमार गंगवार ने वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया है तथा श्रम और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
12. डॉ. महेश शर्मा ने पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के पद का कार्यभार छोड़ दिया है तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे संस्कृति मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के पद पर बने रहेंगे।

13. श्री गिरिराज सिंह ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया है तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
14. कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर ने युवक कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद पर बने रहेंगे।
15. श्री राज कुमार सिंह ने विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के पदों का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
16. श्री हरदीप सिंह पुरी ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
17. श्री एल्फोंस कन्ननथानम ने पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री के पदों का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
18. श्री विजय गोयल ने युवक कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय में राज्य मंत्री के पदों का कार्यभार छोड़ दिया है। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; और सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री के पदों का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
19. श्री राधाकृष्णन पी. ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया है तथा वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे पोत परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद पर बने रहेंगे।
20. श्री एस.एस. अहलुवालिया ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री; और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री के पदों का कार्यभार छोड़ दिया है। उन्होंने पेय जल और स्वच्छता मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
21. श्री हरिभाई पारथीभाई चौधरी ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया है तथा खान मंत्रालय में राज्य मंत्री; और कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री के पदों का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
22. श्री शिव प्रताप शुक्ल ने वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
23. श्री अश्विनी कुमार चौबे ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
24. श्री सुदर्शन भगत ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया है तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
25. डॉ० वीरेन्द्र कुमार ने महिला और बाल विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री; और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री के पदों का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
26. श्री अनंतकुमार हेगड़े ने कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
27. श्री अर्जुन राम मेघवाल ने वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री; और कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री के पदों का कार्यभार छोड़ दिया है। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; और जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय में राज्य मंत्री के पदों का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

..3/-

28. श्रीमती कृष्णा राज ने महिला और बाल विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया है तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
29. श्री सी.आर. चौधरी ने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद पर बने रहेंगे।
30. श्री पी.पी. चौधरी ने इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया है तथा कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद पर बने रहेंगे।
31. श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
32. डॉ० सत्य पाल सिंह ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री; और जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय में राज्य मंत्री के पदों का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

दाशगुप्ता

(भास्कर दाशगुप्ता)
कृते मंत्रिमंडल सचिव
दूरभाष: 2379 2204

सेवा में

मंत्रिपरिषद् के सभी सदस्य ।

---

प्रतिलिपि, उपाध्यक्ष, नीति आयोग को सूचनार्थ प्रेषित।

दाशगुप्ता

(भास्कर दाशगुप्ता)
कृते मंत्रिमंडल सचिव

---

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित:
राष्ट्रपति के सचिव।
उप-राष्ट्रपति के सचिव।

दाशगुप्ता

(भास्कर दाशगुप्ता)
निदेशक

---

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को भी सूचनार्थ प्रेषित:
प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव।
प्रधान मंत्री के अपर प्रधान सचिव।

दाशगुप्ता

(भास्कर दाशगुप्ता)
निदेशक

---

..4/-

प्रतिलिपि, भारत सरकार के सभी सचिवों/ विशेष सचिवों/ अपर सचिवों/ अध्यक्ष, रेल बोर्ड/ लेखा अधिकारी, वेतन एवं लेखा कार्यालय, मंत्रिमंडल कार्य को सूचनार्थ प्रेषित।

दासगुप्ता

(भास्कर दाशगुप्ता)
निदेशक

---

प्रतिलिपि, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/ विभागों/ लोक सभा सचिवालय (संवितरण शाखा एवं प्रश्न शाखा)/ राज्य सभा सचिवालय (संवितरण शाखा एवं प्रश्न शाखा)/ स्थापना अधिकारी, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग/ विदेश मंत्रालय (प्रोटोकॉल प्रभाग)/ पत्र सूचना कार्यालय/ अनुभाग अधिकारी, एनजीओ अनुभाग, प्रधान मंत्री कार्यालय को प्रेषित।

दासगुप्ता

(भास्कर दाशगुप्ता)
निदेशक

----

*शिवम्*

400 प्रतियां